नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी विवि में मनाई रंगकर्मी बा.व. कारंत की पुण्यतिथि

वर्धा, 5 सितंबर 2018: महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 1 सितंबर को ख्यातनाम रंगकर्मी बा.व.कारंत की पुण्यतिथि और रंगकर्मी हबीब तनवीर की जयंती मनाई गयी। इस उपलक्ष्य में प्रदर्शनकारी कला

विभाग के विद्यार्थियों ने शैलेन्द्र कुशवाहा के संचालन में 'सड़क' और 'माटी की गाड़ी' नाटकों का पाठ-प्रस्तुत किया। पाठ प्रस्तुति के बाद सभी ने रंग-क्षेत्र में दोनों विभूतियों के योगदानों पर प्रकाश ड़ाला। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक श्री राकेश मंजुल ने कहा कि दोनों व्यक्तित्व हमें अपनी परंपरा से जुड़ने और उसे सहेजने को प्रेरित करते हैं। डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बा. व. कारंत को याद करते हुए कहा कि एक दूसरी भाषा-संस्कार से आ कर उन्होंने हिंदी रंगमंच को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. अविचल गौतम ने हबीब तनवीर के वर्धा आगमन की स्मृतियों को साझा करते हुए उन्हें लोक अभिव्यक्ति का बेहतरीन कलाविद बताया। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश

पावड़े ने कारंत और तनवीर के नाट्य क्षेत्र में दिए योगदान पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।